सूचना सं. एएम 1/2023

(सं.पीएडी-2023-24-000026)

दिनांक 18.12.2023

सहायक प्रबंधक 2023 पद पर सीधी भर्ती

एपीडा में सहायक प्रबंधक के पांच पदों पर सीधी भर्ती के लिए दिनांक 7-13 अक्टूबर 2023 को रोजगार समाचार में प्रकाशित विज्ञापन के प्रत्युत्तर में, 2612 पूर्ण ऑनलाइन आवेदन प्राप्त हुए हैं और इन उम्मीदवारों को दिनांक 06.01.2024 को निर्धारित लिखित परीक्षा के संबंध में ईमेल के माध्यम से सूचना दी गई है।

उम्मीदवार ध्यान दें कि लिखित परीक्षा में उनका प्रवेश निर्धारित पात्रता शर्तों को पूरा करने की शर्त पर पूर्ण रूप से अनंतिम है। उम्मीदवारों को यह सुनिश्चित करना होगा कि वे सभी पात्रता शर्तों को पूरा करते हैं। उम्मीदवार को केवल ई-प्रवेश पत्र जारी करने का अर्थ यह नहीं होगा कि प्राधिकारी द्वारा उनकी उम्मीदवारी पर अंतिम रूप से विचार कर लिया गया है। ऑनलाइन आवेदन जमा करते समय अपलोड किए गए दस्तावेजों के संदर्भ में पात्रता शर्तों का सत्यापन लिखित परीक्षा के बाद ही किया जाएगा। उक्त विज्ञापन में उल्लिखित पात्रता शर्तों को पूरा न करने की स्थिति में , आगे की चयन प्रक्रिया के लिए उनकी उम्मीदवारी पर विचार नहीं किया जाएगा।

सचिव